# सरकार ने 15 महीने में पूरे किए 58 फीसदी वादे

**श्रीगंगानगर** । खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री व श्रीगंगानगर जिले के प्रभारी सुमित गोदारा ने शुक्रवार को श्रीगंगानगर के सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने राज्य सरकार की उपलब्धियों का विवरण दिया। मंत्री गोदारा ने कहा कि महज 15 महीने के कार्यकाल में राजस्थान सरकार ने अपने संकल्प पत्र के 58 प्रतिशत वादों को पूरा कर दिया है।

उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा अब तक पेश किए गए दो बजटों में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ और बीकानेर के नहरी तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए रिकॉर्ड 3300 करोड़ रुपए का बजट जारी किया गया है।

इस बजट से इन क्षेत्रों के नहरी तंत्र को मजबूत किया जा रहा है, जिसका सीधा फायदा किसानों को मिलेगा और उनकी कृषि उपज में वृद्धि होगी ।

सुमित गोदारा ने यह भी बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राज्य सरकार की पहली वर्षगांठ पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। इस बार राजस्थान दिवस का आयोजन हिंदू तिथि के अनुसार किया जा रहा है। पूरे प्रदेश में साप्ताहिक महोत्सव मनाया जा रहा है।

# शहर देहात की बैठक में कांग्रेस के नेताओं ने तैयार की भाजपा से निपटने की नीति

**बीकानेर** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार राज्यों के निकायों पंचायत राज में हो रहे सीमांकन को लेकर एक आवश्यक बैठक देहात कांग्रेस कार्यालय में आहूत की गई संगठन महासचिव नितिन वत्सस ने बताया कि बैठक में भाजपा के द्वारा पंचायत और स्थानीय निकायों में हो रहे पुनर्सीमांकन को लेकर की जा रही दुर्भावनापूर्ण कार्यवाही को रोकने के लिए कांग्रेस की मजबूत टीम बनाने को लेकर विचार विमर्श करते हुए नीति तैयार की गई

बैठक मो संबोधित करते हुए राजस्थान प्रदेश महासचिव बीकानेर जिला कांग्रेस प्रभारी अनूपगढ़ विधायक श्रीमती शिमला नायक ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पार्टी के मजबूत आधार स्तम्भ ग्रामीण क्षेत्र के जिला परिषद, पंचायत, के वाडी का पुनर्सीमांकन इस तरह से किया जा रहा है कि कांग्रेस पार्टी गढ़ को दो तीन टुकड़ों में बांट दिया जाए ताकि कांग्रेस के प्रतिनिधि यहां से जीत ना सके और कांग्रेस पार्टी किसी भी जिला परिषद, पंचायत या स्थानीय निकायों में अपनी सरकार ना बना सके जिसका हम सभी को विरोध करना है और वाडी का सीमांकन जिस तरह पहले था वैसा ही रखने का प्रयास करना है

नायक ने कहा कि जिस तरह से पिछले दो वर्षों में कांग्रेस का वोट प्रतिशत बढ़ा है उसने भाजपा की नींद उड़ा रखी है उसी को देखते हुए भाजपा ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस को कमजोर करने में लगी है जिसका हमको पुरजोर विरोध कारण है आप किसी भी परिस्थिति में डरे नहीं जिला कांग्रेस और प्रदेश कांग्रेस का पूरा सहयोग आपको मिलेगा आपके संघर्ष में हम अपना खून पसीना बहाने में कोई कसर नहीं रखेंगे आप डटे रहे हमको भाजपा के हर गलत नीतियों का विरोध करना है श्रीमती नायक ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि राज्य सरकार के इशारे पर अधिकारी कांग्रेस के खिलाफ कार्य ना करे वरना गंभीर परिणाम भुगतने को तैयार रहे

जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत ने कहा कि बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी स्थानीय निकायों पंचायत राज संस्थाओं में जिस तरह से प्रशानिक अधिकारी भाजपा के इशारे पर गलत तरीके से वाडी को सीमांकन किया जा रह है उसे हम स्वीकार नहीं करेंगे शहर और देहात दोनों इलाकों में आने वाले क्षेत्र में हम मिलकर इनसे लड़ेंगे और भाजपा के नापाक इरादों को नेस्तनाबूंद करेंगे

देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि आप सभी अपने अपने इलाकों में मजबूती और पूर्ण ध्यान लगाकर सीमांकन का ध्यान रखे जहा गलत हो उसकी सूचना जिला समिति को करे हम टीम बनाकर विधानसभा वार कार्यवाही करेंगे लेकिन जिस तरह से भाजपा कांग्रेस के गढ़ को तोड़ना चाहती है उसको होने नहीं देंगे

पूर्व मंत्री गोविंदराम मेघवाल ने कहा कि संगठन का कार्य अब बहुत जिम्मेदारी भरा हो गया है आप सभी मिलकर इस अलोकतांत्रिक कार्यवाही के खिलाफ डटे रहे हम किसी भी स्तर पर इस प्रशासन से निपटने को तैयार है आप चिंता मत करे लेकिन सजग रहे

विधायक श्रीमती सुशीला डूडी ने कहा इस महत्वपूर्ण कार्य में मातृ शक्ति की भी अहम भूमिका है हम सबको मिलकर भाजपा के गलत इरादों को रोकना है प्रदेश से जो भी सहायता होगी वो हमें मिलेगी लेकिन पार्टी की मजबूती के लिए हमे अब कार्य करना होगा

संगठन महासचिव प्रहलाद सिंह मार्शल ने बताया कि बैठक को जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल,पूर्व मंत्री मदनगोपाल मेघवाल, पूर्व मंत्री महेंद्र गहलोत, प्रदेश महासचिव प्रत्याशी लूणकरणसर डॉ.राजेंद्र मुंड, प्रदेश महासचिव गजेंद्र सिंह सांखला, प्रदेश सचिव रामनिवास कूकना, डूंगरगढ़ प्रधान केसराराम गोदारा, पीसीसी सदस्य विक्रम स्वामी, हरिराम बाना, नोपाराम जाखड़ डेयरी चेयरमैन, किसान कांग्रेस जगदीश खीचड़,कृषि मंडी अध्यक्ष हरिराम सियाग, ने संबोधित करते हुए सीमांकन के समय मुस्तैद रहने की बात कहीसभा का संचालन मुरली गोदारा ने किया इस अवसर पर बीकानेर जिला कांग्रेस पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, सेवादल, युथ कांग्रेस,एनएसयूआई, इंटक, ब्लॉक कांग्रेस, मंडल अध्यक्ष, जिला परिषद सदस्य,पार्षद पार्षद प्रत्याशी, पंच सरपंच उपस्थित थे।

# धर्मयात्रा में आकाश से 10 स्थानों पर गुलाल से बनाएंगे तिरंगा

**बीकानेर** । चैत्र प्रतिपदा के मौके पर शहर कलने वाली धर्मयात्रा में पहली बार तीन रंग की गुलाल से आसमान में तिरंगा बनाया जाएगा। केसरिया, सफेद और हरे रंग की गुलाल को सिलेंडरों से उड़ाकर आकाश में तिरंगे की आकृति बनाई जाएगी। नत्थूसर गेट, मोहता चौक, दाऊजी रोड, कोटगेट, केईएम रोड, सार्दुलसिंह सर्किल सहित 10 जगहों पर ऐसी आकृति बनाई जाएगी। इसके अलावा जूनागढ़ के सामने होने वाली महाआरती के दौरान 10 बच्चों द्वारा गीता की प्रस्तुति दी जाएगी। ये बच्चे गीतों के 700 श्लोकों की प्रस्तुति देंगे। हिन्दू जागरण मंच के प्रांत सह-संयोजक शैलेष गुप्ता ने बताया कि इस बार धर्मयात्रा में भगवान की सचेतन झांकियां भी निकाली जाएगी। इसके अलावा शाम को साढ़े सात बजे जूनागढ़ के सामने होने वाली महाआरती के दौरान भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। भजन संध्या में ऐसे युवाओं को मौका देंगे जो पहली बार प्रस्तुति देंगे। गुप्ता ने बताया कि मंच के कार्यकर्ता गली-गली, मोहल्ले-मोहल्ले में धर्मयात्रा में शामिल होने के लिए लोगों की बैठकें ले रहे हैं।

इसके अलावा बीकानेर नगर निगम एरिया के बाहर नाल, उदयरामसर, महाजन सहित कई ग्रामीण इलाकों में भी केसरिया ध्वज, पताकाओं को लोगों तक पहुंचाया जा रहा है ताकि वे अपने-अपने एरिया में धर्मयात्रा निकाल सके। विदित रहे धर्मयात्रा एमएम ग्राउंड से रवाना होगी। जो नत्थूसर गेट, मोहता चौक, तेलीवाड़ा, जोशीवाड़ा, कोटगेट, सादुलसिंह सर्किल होते जूनागढ़ के सामने पहुंचेगी। नववर्ष की पूर्व संध्या पर 11 हजार दीपकों की रोशनी से जगमगाएगा सूरसागर चैत्र प्रतिपदा की पूर्व संध्या पर शनिवार को वीर सावरकर पर्यावरण सेवा समिति द्वारा सूरसागर झील परिसर में ग्यारह हजार दीपक जलाए जाएंगे।

# चैत्र नवरात्र कल से

**बीकानेर** । देवस्थान विभाग इस बार भारतीय नवसंवत्सर, राजस्थान दिवस, गणगौर और रामनवमी के मौके पर 9 दिन तक शक्ति पर्व मनाएगा। शक्ति पर्व 30 मार्च को शुरू होगा जो 6 अप्रैल तक चलेगा। इस दौरान देवी मंदिरों, राम-हनुमान मंदिरों के अलावा गणगौर महोत्सव भी मनाया जाएगा। शक्ति पर्व में राजस्थान दिवस के मौके शक्ति और देवी विषय पर संगोष्ठियां होंगी। वहीं नवरात्रा और नवसंवत्सर के मौके पर महिलाओं और युवतियों के लिए मेहंदी मांडणा और रंगोली बनाने की प्रतियोगिताएं होंगी। नौ देवियों की विशेष झांकियां सजाई जाएगी। देवी मंदिरों में डांडिया और गरबा नृत्य भी होगा।

बीकानेर में देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त गौरव ने बताया कि नौ दिवसीय शक्ति पर्व में चार त्योहार मनाए जाएंगे। नवसवंत्सर और राजस्थान दिवस के आयोजन तीन दिन होंगे। नवसंवत्सर और नवरात्रा के मौके पर शहर के प्रमुख देवी मंदिरों को सजाया जाएगा। वहीं राजस्थान दिवस पर संगोष्ठियां होंगी। इसके बाद गणगौर महोत्सव के दौरान रतनबिहारी पार्क में गणगौर महोत्सव मनाया जाएगा। इस महोत्सव में शहर की पुरूष और महिला मंडलियों को आमंत्रित किया जाएगा ताकि महोत्सव में पहुंचकर गणगौर गीत गाए। सोनी ने बताया कि सबसे अंत? में रामनवमी के कार्यक्रम होंगे। इस मौके पर शहर के राम मंदिर, हनुमान मंदिर और विष्णु मंदिरों में विशेष आयोजन होंगे। देवी मंदिरों के साथ-साथ राम मंदिरों को इस मौके पर विशेष रूप से सजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इस बार हिन्दू नवसवंत्सर विशेष रूप से मनाने का निणर्य लिया है। इसी कारण देवी मंदिरों में चैत्र नवरात्रा के मौके पर शक्ति पर्व मनाया जाएगा।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्र. :- नियमन/2025/3822 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 27.3.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 34 के किला नं. 08 में भूखण्ड सं. 80 माप 30'-0'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री नरेश कुमार पुत्र श्री हरीराम निवासी 82 सी ब्लॉक, गांधी पार्क के पास, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री नरेश कुमार पुत्र श्री हरीराम निवासी 82 सी ब्लॉक, गांधी पार्क के पास, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 34 के किला नं. 08 में भूखण्ड सं. 80 माप 30'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com

Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्र. :- नियमन/2025/3824 **आपत्ति सूचना** दिनांक : 27.3.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 34 के किला नं. 02 में भूखण्ड सं. 38 माप 30'-0'' गुणा 50'-0'' फीट के नियमन/पटटा हेतु आवेदक श्री नरेश कुमार पुत्र श्री हरीराम निवासी 82 सी ब्लॉक, गांधी पार्क के पास, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्री नरेश कुमार पुत्र श्री हरीराम निवासी 82 सी ब्लॉक, गांधी पार्क के पास, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 5 ई छोटी मुरब्बा नं. 34 के किला नं. 02 में भूखण्ड सं. 38 माप 30'-0'' गुणा 50'-0'' फीट का नियमन/पटटा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पटटा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पटटा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905

E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक / निर्माण / 2024-25 / 5671 दिनांक 26.03.2025

**ई- निविदा-सूचना सं0 125/2024-25**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में ''ऐऐ'', ''ऐ'' श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 25.00 लाख

UBN Number :- DLB2425WSOB22854

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद / सी / 24 / 14174


# 6 करोड़ 70 लाख रुपए के सड़क कार्य मंजूर

**बीकानेर** । खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बीकानेर शहर में सड़कों के निर्माणए नवीनीकरण व मरम्मत कार्यों के लिए 6 करोड़ 70 लाख रुपए से अधिक राशि के कार्य स्वीकृत करवाकर शहरवासियों को नई सौगात दी है।

मंत्री गोदारा की अनुशंसा पर बीकानेर विकास प्राधिकरण द्वारा सागर ग्राम पंचायत में बस स्टैंड से कुशला राम नायक एवं राधाकिशन कुम्हार के मकान होते हुए बाईपास से मिलने वाली डामरीकरण सड़क तक सड़क निर्माण के लिए 81.75 लाखए बीकानेर पंचायत समिति से आरएसवी स्कूल तक व आकाशवाणी क्वार्टर वाली रोड पर रिपेयरिंग व रिकॉरपेटिंग कार्य के लिए 102.75 लाख रुपए बीकानेर नर्सिंग होम के सामने जगदंबा ज्यूस सेंटर से गुडविल अस्पताल तक रोड रिपेयरिंग व रिकॉरपेटिंग कार्य के लिए 104.72 लाख रुपएए रेगर समाज श्मशान भूमि से रविदास सर्कल होते हुए अशोक नगर तिराहा सड़क सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 351 लाखए श्रीगंगानगर रोड पर 10वीं बटालियन आरएसी कैंपस परिसर में डामर सडक निर्माण कार्य के लिए 30.16 लाख रुपए जारी किए गए हैं।

गोदारा ने बताया कि इन कार्यों से बीकानेर शहर की सड़कों की स्थिति में सुधार और आवागमन में आसानी होगी। इससे आमजन को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि बीकानेर शहर में सड़कों के सुधार की मांग लम्बे समय से लंबित थी। जिसे पूरा किया गया है।

गोदारा ने बताया कि बीकानेर विकास प्राधिकरण बनने के साथ ही बीकानेर के शहरी विकास तथा सड़कों के सुधार सहित बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर गत 23 फरवरी को सर्किट हाउस में जिला कलेक्टरए बीडीए और नगर निगम आयुक्त सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक ली थी। बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने तथा बीकानेर शहर के विकास से जुड़े विभिन्न कार्यों तथा सड़कों की स्थिति सुधार पर चर्चा कर सुझाव लिए गए थे। इसके बाद मंत्री श्री गोदारा की अनुशंसा पर शहर में 670 लाख रुपए से अधिक राशि के सड़क कार्यों की स्वीकृति मिली है। जिस पर बीकानेर विकास प्राधिकरण की और से निविदाएं आमंत्रित की गई है। श्री गोदारा ने कहा कि बीकानेर विकास प्राधिकरण से शहर के विकास को नए आयाम मिलेंगे। बादामए पिस्ताए दही के सैंपल पाए गए सब स्टैंडर्डए सरसों का तेल मिला मिसब्रांडए एडीएम प्रशासन कोर्ट ने 13 लाख 20 हजार का लगाया जुर्माना

# गीतों भरी शाम 4 को

**बीकानेर** । अमन कला केंद्र द्वारा 4 अप्रैल को टाउन हॉल में शाम 7:00 बजे होली और ईद के मुबारक मौके पर कार्यक्रम गीतों भरी शाम रंगारंग फिल्मी गीतों का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा संस्था के अध्यक्ष एम रफीक कादरी ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इकबाल हुसैन समेजा डायरेक्टर होटल रॉयल इन रानी बाजार होंगे अध्यक्षता संयुक्त रूप से रितेश अरोड़ा डायरेक्टर कंप्यूटर एज्युकेशन डॉट कॉम व एन डी रंगा अध्यक्ष सखा संगम करेंगे विशिष्ट अतिथि एम आर मुगल डॉ प्रवीण चतुर्वेदी डॉ मुकेश सिंघल डॉ दिनेश शर्मा डॉ हिमांशु दाधीच मो सदीक चौहान डॉ राकेश रावत डॉ जैनुल आबेदीन यशपाल नागपाल अरुण पांडे समुद्र सिंह राठौड़ डॉ भूपेंद्र तिवाड़ी नरेंद्र नांद सिंह एम आर कुकरेजा यशबंशी माथुर होंगे ।

# शहर में चलेंगी 75 इलेक्ट्रिक बसें

**बीकानेर** । 2025 में पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत बीकानेर शहर को भी 75 ई बसें मिलेंगी। केन्द्र सरकार 10 हजार इलेक्ट्रिक बसों की खरीद के लिए 1310 करोड़ रुपए आवंटित कर रही है। इसका मूल उद्देश्य शहरी परिवहन में सुधार करना है। राजस्थान में बीकानेर के अलावा अजमेर, अलवर, भीलवाड़ा, जोधपुर, कोटा, उदयपुर और जयपुर में ई-बसों का संचालन शुरू हो गया है।

बसों के लिए केन्द्र सरकार शहरों में 10 हजार रुपए प्रति किलोवाट की सब्सिडी भी देगी या अधिकतम 35 लाख रुपए तक सब्सिडी मिलेगी। बीकानेर में 75 बसें चलाने की तैयारी हो गई है। इसके लिए सिविल स्टैंड के लिए महाराजा गंगासिंह विवि के सामने गोचर में 5 हैक्टेयर जमीन भी आवंटित हो गई है। यहीं इनका मूल स्टैंड होगा। बसें सुबह 5 बजे से रवाना होकर रात 10 बजे तक अपने रूट पर चलेंगी। रात में यहां आकर खड़ी होंगी। यहीं इनके चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। पूरी रात बसें चार्ज होकर फिर अगले दिन रूट पर रवाना होंगी।

जानकारी के मुताबिक 10 से 12 मीटर वाली इलेक्ट्रिक बसों के लिए सब्सिडी की अधिकतम सीमा 35 लाख रुपए, 8 से 10 मीटर के लिए 25 लाख रुपए और 6 से 8 मीटर के लिए 20 लाख रुपए तय की गई है। 14 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों के शहरों के लिए 7293 इलेक्ट्रिक बसों को मंजूरी भी दे गई जिसमें बीकानेर शहर भी शामिल है।

# बीकानेर में गर्मियों में बिजली की खपत बढ़ने की संभावना

**बीकेईएसएल कंपनी का दावा- इस बाद 8 फीसदी खपत ज्यादा होगी, नए ट्रांसफॉर्मर लगाए**

**बीकानेर** । शहर में गर्मियों में इस बार बिजली खपत बढ़ने की सभावना है। इसे लेकर बीकेईएसएल कंपनी ने पूरी तैयारी कर ली है। कंपनी की ओर से 8 करोड़ रुपए का इन्वेस्टमेंट किया जा रहा है। इसके लिए चार नए पावर ट्रांसफार्मर के साथ चार नए सामान्य ट्रांसफार्मर भी लगाए गए है। कंपनी का दावा है कि पिछले साल की तुलना में इस बार बिजली की खपत में करीब 8 प्रतिशत बढ़ोतरी होने की संभावना है। बीकेईएसएल के सीईओ जयंतराय चौधरी ने बताया कि शहर में उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली आपूर्ति और ट्रिपिंग को न्यूनतम स्तर पर लाने के लिए चेतनानन्द, पवनपुरी, गौशाला और व्यापार नगर में लगे 5-5 एमवीए की जगह 8-8 एमवीए के पॉवर ट्रांसफार्मर लगाकर इन ट्रांसफार्मरों से जुड़े इलाकों की क्षमता बढाई गई हैं। इसके अलावा शिवबाडी, हिमतासर, 66 केवी व मैन जीएसएस में 5-5 एमवीए के पॉवर ट्रांसफार्मर लगाए गए हैं। चौधरी ने बताया कि 138 नए और वितरण ट्रांसफारम को अपग्रेड किया गया है। इससे इन ट्रांसफार्मरों की क्षमता 25 एमवीए और पावर ट्रांसफार्मरों की क्षमता 32 एमवीए बढ़ गई है। इसके अलावा एक 11 केवी का नया फीडर तैयार करने के साथ 11 केवी के एक फीडर को दो फीडर में तब्दील किया गया है।

चौधरी ने बताया कि पिछले कई महीनों से चल रही नियमित मेंटीनेंस के दौरान ढीले तारों को टाइट करने, पेड़ों की छंटाई, पुराने जम्पर को बदलने, ट्रांसफार्मरों की ऑयल की जांच, टूटे इन्सुलेट को बदलने का काम किया जा रहा है। इस साल हुई सुदृढ़ीकरण के कार्यों से अब चेतनानन्द क्षेत्र में नत्थूसर, सूरदासानी, मोहता चौक, पवनपुरी में बलूभ नगर, पवनपुरी विस्तार, बीकानेर नर्सिंग होम, जीएडी, अंत्योदय नगर, जवाहर नगर, माखन भोग, गोशाला, व्यापार नगर, बोथरा चौक, चौधरी कॉलोनी, चोपड़ा स्कूल, जेके टायर, करणी मार्बल, शिवबाड़ी क्षेत्र में अम्बेडकर नगर, शिवबाड़ी गांव, केशव नगर, वसुंधरा कॉलोनी, जय नारायण व्यास कॉलोनी के सभी सेक्टर, मूर्ति सर्किल, गौतम सर्किल और जेएनवी कॉलोनी का मैन मार्केट और अन्य क्षेत्रों की बिजली सप्लाई और बेहतर हो जाएगी। बिजली की मांग में 8 प्रतिशत बढ़ोतरी की संभावना है। पिछले साल शहर में बिजली की मांग 213.29 मेगावाट थी जो इस साल करीब 230 मेगावाट होने की संभावना है।

# सांस्कृतिक प्रतियोगिता में हुए विभिन्न मुकाबले

**बीकानेर** । पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय, बीकानेर में चल रही खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता 'स्पिरीट 2025' के दौरान शुक्रवार तक हुए विभिन्न मुकाबलो में अधिष्ठाता प्रो. हेमन्त दाधीच ने कहा कि विद्यार्थियों ने सभी खेलकूद एवं लिटरेरी प्रतियोगिताओं में उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया। खेल प्रभारी डॉ. प्रवीण पिलानियां ने बताया कि अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता में श्रेया सिंह प्रथम एवं हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रीति शेखावत प्रथम रही। अंग्रेजी एक्टोम्पर प्रतियोगिता में अंकुर प्रथम स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता में तृतीय वर्ष स्नातक के अंकित तंवर, श्रेया सिंह, परांशा अधिकारी, प्रीति शेखावत एवं श्रवण सिंह की टीम प्रथम रही। रंगोली प्रतियोगिता ने किर्ति चौधरी प्रथम स्थान पर रही। पुरूषो की वॉलीबाल प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष प्रथम तथा महिला वर्ग में द्वितीय वर्ष प्रथम स्थान पर रहे। बास्केटबॉल प्रतियोगिता पुरूष वर्ग में तृतीय वर्ष प्रथम तथा महिला वर्ग में प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान पर रहे। बैड़मिंटन प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष तथा महिला वर्ग में द्वितीय वर्ष स्नातक प्रथम रहे। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष विजेता रहे। प्रतिभागियो ने एकल नृत्य एवं समूह नृत्य, एकल गान एवं समूह गान प्रतियोगिता में हिस्सा लिया में भी हिस्सा लिया।

# गिव अप अभियान की बढ़ी अवधि

**बीकानेर** । अपात्रों को हटाकर हकदारों को खाद्य सुरक्षा देना हमारी प्राथमिकता 30 अप्रैल तक जारी रहेगा गिव अप अभियान रू खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अभियान के तहत 15 लाख से अधिक अपात्रों ने छोड़ी खाद्य सुरक्षाए इतने ही पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा पोर्टल पुनरू शुरू होने के बाद मिली खाद्य सुरक्षा खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य सरकार निरन्तर वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री के स्पष्ट निर्देश हैं कि अंतिम पंक्ति में खड़े लोगों को सरकारी योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जाए जिससे वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। गोदारा ने कहा कि विभाग द्वारा गत वर्ष गिव अप अभियान शुरू करने का उद्देश्य राजस्थान के वंचित वर्गों को उनका हक दिलाना है। अभियान के माध्यम से खाद्य सुरक्षा प्राप्त सक्षमध्अपात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा सूची से अपना नाम हटाने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

जिला रसद अधिकारी नरेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियमए 2013 के तहत खाद्य सुरक्षा सूची में आने वाले सक्षमध्अपात्र लाभाथिर्यों से स्वेच्छा से अपना नाम हटाने हेतु दिनांक 31 मार्चए 2025 तक गिव अप अभियान चलाया जा रहा था। अभियान को मिल रही व्यापक सफलता एवं जनसहभागिता को देखते हुए एवं सभी वंचित पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु इसकी अवधि 30 अप्रैलए 2025 तक बढ़ाने का निणर्य लिया गया है। उन्होंने कहा कि जो अपात्रध्सक्षम लोग एनएफएसए से किसी कारणवश अब तक अपना नाम हटवा नहीं पाए हैंए वे इस निणर्य का लाभ लेते हुए खाद्य सुरक्षा छोड़ें ताकि उनके स्थान पर पात्र व्यक्तियों को खाद्य सुरक्षा दी जा सके।

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री ने खाद्य सुरक्षा पोर्टल को पुनः प्रारंभ किया गया था। तब से अब तक 15 लाख से अधिक लोगों के नाम पोर्टल पर जोड़े जा चुके हैं।


**MANAPPURAM FINANCE LTD.**

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

**निलामी सूचना**

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.04.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बीकानेर, नोखा, 135170750000155, पंच शती सर्कल, 115300700029027, 9051, श्री डुंगरगढ, 135300750000146, गंगानगर, रायसिंह नगर, 135100700037617, 7648, 7750, 135100730042364, 2422, रविन्द्र पथ, 117420700037499, 7511, 7512, 7532, 117420730042343, 2344, 2347, सुखाड़िया सर्कल, 117490700021798, 117490730023737, सूरतगढ राजस्थान, 135560700025445, 5468, 5476, 5507, 5518, 5532, 135560730053511,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु


# मनुष्य को सत्कर्म करना चाहिए : आचार्य बजरंगदास

**बीकानेर,** सनातन धर्म रक्षा मंच की ओर से गोपेश्वर बस्ती स्थित जंगलेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे 108 कुंडीय गौरीशंकर महायज्ञ और भागवत कथा में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। पांचवें दिन भागवत कथा में बजरंगदास महाराज ने कहा, मनुष्य को यह मानव शरीर भगवत प्राप्ति और स्मरण करने के लिए मिला है। जब तक बच्चा होता है तो वह अपने माता-पिता की बात मानता है। थोड़ा बड़ा होने के बाद जब वह स्कूल जाता है तो उसका मन दोस्तों में लगना शुरू हो जाता है। ऐसे में माता-पिता वह थोड़ा दूर हो जाता है। शादी होने के बाद वह अपना अधिकांश समय अपनी पत्नी के साथ बिताता है। ऐसे में वो माता-पिता को भूलना शुरू कर देता है।

बजरंगदासजी ने कहा, मनुष्य शरीर मिलना बहुत बड़ी बात है इसे ऐसे ही मत समझना चाहिए। देवता भी मनुष्य शरीर में आने के लिए तरसते हैं। इसलिए हमें हमेशा अच्छे ही कर्म करने चाहिए। शुक्रवार को दोपहर में कृष्ण नंदोत्सव मनाया जाएगा।

नंदोत्सव में महाराज कृष्ण जन्म के दौरान बधाइयां बाटेंगे। इसके लिए कथा स्थल की अलग से सजावट की गई है। बालाजी धाम के पीठाधीश्वर बजरंगदास महाराज ने बताया कि इस मौके पर सजीव झांकी भी सजाई जाएगी। कल होगी 108 कुंडीय गौरीशंकर महायज्ञ की पूर्णाहुति जंगलेश्वर महादेव मंदिर में चल रहे 108 कुंडीय गौरीशंकर महायज्ञ की पूर्णाहुति 29 मार्च को होगी। हवन में गौरीशंकर के मंत्रों की आहुतियां दी जा रही हैं।

पांचवें दिन 108 कुंडीय गौरीशंकर महायज्ञ में लोगों ने सोमवार को सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक आहुतियां दीं। यज्ञ के मुख्य यजमान मोहन सोनी का परिवार रहा। हवन में आहुतियां देने वालों में वाणी गायक बद्री, शिव सुथार, संदीप मुसरफ, हरि गोपाल, श्रीजी एल तिवाडी, हेमाराम जोशी, राष्ट्रीय अध्यक्ष गुर्जर गौड़ युवक संघ अनिल जोशी, पूर्व सरपंच शुभकरण, गोपाल जोशी, देवकरण, किशन मोदी, भंवरलाल मोदी, विमल बिनावरा, सनातन धर्म रक्षा मंच के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह राजपुरोहित, सीताराम कच्चछावा, झंवरलाल टांक, नंदकिशोर गहलोत, नत्थूराम सुथार, लक्ष्मीनारायण सुथार, संतोष उपाध्याय और लोकेश गहलोत शामिल रहे।


**सार्वजनिक नोटिस**

**न्यायमूर्ति बालकृष्णन जांच आयोग**

जबकि कुछ ऐसे व्यक्तियों के समूह, जिन्होंने ऐतिहासिक रूप से सामाजिक असमानता, अस्पृश्यता, भेदभाव और उसके परिणामस्वरूप उत्पन्न पिछड़ेपन को झेला है, को भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अंतर्गत समय-समय पर जारी राष्ट्रपति के आदेशों द्वारा अनुसूचित जाति घोषित किया गया है

और जबकि, कुछ समूहों ने राष्ट्रपति के आदेशों के माध्यम से अनुमत धर्मो से परे अन्य धर्मो से संबंधित नए व्यक्तियों को अनुसूचित जातियों का दर्जा देकर अनुसूचित जातियों की मौजूदा परिभाषा पर पुनर्विचार करने का प्रश्न उठाया है, और इसके विपरीत, कई अन्य समूहों ने भी इसका विरोध किया है

और चूंकि, विद्यमान अनुसूचित जातियों के कुछ प्रतिनिधियों ने नये व्यक्तियों को अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने पर आपत्ति की है और चूंकि यह एक मौलिक तथा ऐतिहासिक दृष्टि से जटिल समाजशास्त्रीय और संवेधानिक प्रश्न है, तथा सार्वजनिक महत्व का एक निश्चित मामला है

और चूंकि, इसके महत्व, संवेदनशीलता और संभावित प्रभाव को देखते हुए, इस संबंध में परिभाषा में कोई भी परिवर्तन विस्तृत और निश्चित अध्ययन तथा सभी हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के आधार पर होना चाहिए और जांच आयोग अधिनियम 1952 (1952 का 60) के तहत किसी आयोग ने अब तक इस मामले की जांच नहीं है।

उपरोक्त के मद्देनजर, भारत सरकार ने राजपत्र अधिसूचना संख्या एस.ओ. 4742(ई) दिनांक 06.10.2022 के तहत, जैसा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भारत के आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशित किया है (https://sociclijustice.gov.in पर उपलब्ध है) ने जांच आयोग अधिनियम 1952 (1952 का 60) की धारा 3 के तहत एक जांच आयोग नियुक्त किया है जिसमें निम्नलिखित प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल है अर्थात

मै अध्यक्ष-न्यायमूर्ति के.जी. बालकृष्णन, (भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश)

II. सदस्य-श्री रविन्द्र कुमार जैन, आईएएस (सेवानिवृत्त) (एचपी-1981)

III. सदस्य- प्रो. (डॉ.) सुषमा यादव, (पूर्व सदस्य, यूजीसी)

इसके बाद इसे ''न्यायमूर्ति बालकृष्णन जांच आयोग'' या ''आयोग'' कहा जाएगा।जिसका कार्यकाल राजपत्र अधिसूचना संख्या एस.ओ. 4780(ई) दिनांक 30.10.2024 के तहत बढ़ा दिया गया है।

2. आयोग के विचारार्थ विषय-

मै नए व्यक्यिों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने के मामले की जांच करना, जो दावा करते है कि वे ऐतिहासिक रूप से अनुसूचित जाति के थे, लेकिन उन्होंने अपना धर्म बदल लिया है संविधान के अनुच्छेद 341 के तहत समय समय पर जारी राष्ट्रपति के आदेशों में उल्लिखित के अलावा

ii अनुसचित जातियों की विद्यमान सूची के भाग के रूप में ऐसे नए व्यक्तियों को जोडने से विद्यमान अनुसूचित जातियों पर पडने वाले प्रभावों की जांच करना

iii अनुसूचित जाति के व्यक्तियों के रीति-रिवाजों, परंपराओं, सामाजिक और अन्य स्थितिगत भेदभाव और वंचना के संदभ` अन्य धर्मो को अपनाने पर आने वाले परिवर्तनों की जांच करना तथा उन्हें अनुसूचित जाति का दर्जा दिए जाने के पश्चात पर इसके निहितार्थ की जांच करना और

iv केन्द्र सरकार के परामर्श और सहमति से आयोग द्वारा उचित समझे जाने वाले किसी अन्य संबंधित प्रश्न की जांच करना।

3 इसके द्वारा यह सूचना दी जाती है कि आयोग के विचारार्थ विषयों (टीओआर) से संबंधित विषय की जानकारी रखने वाले तथा आयोग के समक्ष कार्यवाही में रूचि रखने वाले या आयोग की सहायता करने के इच्छुक सभी व्यक्ति अपने तथ्यों, निवेदनों आदि का विवरण प्रस्तुत करने वाला प्रत्येक व्यक्ति आयोग को वे दस्तावेज भी प्रस्तुत कर सकता है यदि कोई हो जो वह आयोग को प्रस्तुत करना चाहता है। यदि किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह ने केरल, कर्नाटक, गुजरात और बिहार में जन सुनवाई के दौरान पहले ही निवेदन कर दिया है, तो उन्हे अतिरिक्त जानकारी साझा करने के मामले को छोडकर निवेदन को दोहराने की आवश्यकता नहीं है। तथ्यों, निवेदनों, दस्तावेजों और अन्य विवरणों का विवरण आयोग के अध्यक्ष के कार्यालय, तीसरी मंजिल डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र (डीएआईसी), 15 जनपथ, नई दिल्ली-110001 को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से या पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट या डिलीवरी रसीद विकल्प के साथ कूरियर सेवा के माध्यम से भेजा जा सकता है। तथ्यों, प्रस्तुतीकरण, सहायक दस्तावेजों या किसी अन्य प्रासंगिक सामग्री/विवरण के स्कैन किए गए और हस्ताक्षरित विवरण भी jbcommission-sje@gov.in पर ईमेल द्वारा भेजे जा सकते है।

**न्यायमूर्ति बालकृष्णन जांच आयोग**
**डॉ. अंबेडकर अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र 15**
**जनपथ, नई दिल्ली-110001**

दिनांक-29.03.2025 (20 लागू होने की तिथि)
स्थान- नई दिल्ली

CBC 38101/11/0027/2425